उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

नाफेड गुजरात में खरीफ मौसमी प्याज की खरीद शुरू करेगा

किसानों को तत्काल राहत देने की प्रक्रिया

Posted On: 08 MAR 2023 8:53AM by PIB Delhi

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नाफेड) भारत सरकार के निर्देश पर गुजरात में प्याज की गिरती कीमतों के मुद्दे को हल करने के लिए खरीफ मौसमी प्याज की खरीद शुरू करेगा। भारत सरकार के इस कदम से राज्य में प्याज के बाजार में स्थिरता आयेगी।

राज्य में खरीफ मौसम के अंत में प्याज की कीमतों में गिरावट के कारण स्थिति का जायजा लेते हुए उपभोक्ता मामलों के विभाग ने नाफेड को गुजरात के तीन प्रमुख बाजारों से प्याज की खरीद शुरू करने का निर्देश दिया है। नाफेड भावनगर (महुआ), गोंदल और पोरबंदर में 9 मार्च, 2023 से प्याज की खरीद शुरू करेगा।

राज्य में प्याज की गिरती कीमतों से किसानों को तत्काल राहत देने के लिए भारत सरकार द्वारा इसकी योजना बनाई गई है। किसानों से अनुरोध है कि वे इन केंद्रों पर बेहतर दर का लाभ उठाने के लिए खरीद केंद्रों पर अपनी अच्छी गुणवत्ता और सूखे स्टॉक लाएं। किसानों को भुगतान ऑनलाइन किया जाएगा।

आवश्यकतानुसार समय-समय पर और भी केंद्र खोले जायेंगे।

****

एमजी/एमएस/एआर/एकेपी

(Release ID: 1905057) Visitor Counter : 227

Read this release in: English , Urdu , Assamese , Gujarati , Odia , Tamil , Telugu